फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/जीआईएएल/सीपी-III/2022-27

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

*********

**ऐरा कार्यालय,**
**उड़ान भवन, तृतीय तल,**
**डी ब्लॉक, राजीव गांधी भवन,**
**सफदरजंग हवाईअड्डा,**
**नई दिल्ली-110003**

**दिनांक : 13 जून, 2024**

**<u>सार्वजनिक सूचना संख्या 04/2024-25</u>**

**विषय: लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी (एलजीबीआईए) के लिए तृतीय नियंत्रण अवधि (01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2027) के लिए वैमानिक टैरिफ निर्धारित करने संबंधी ऐरा के दिनांक 06.06.2024 के परामर्श पत्र (सीपी) संख्या 01/2024-25 के अंतर्गत अपेक्षा किए अनुसार गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा,गुवाहाटी (एलजीबीआईए) के लिए एटीपी/टैरिफ कार्ड की प्रस्तुति**

लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, गुवाहाटी (एलजीबीआईए), के लिए तृतीय नियंत्रण अवधि (01.04.2024 से 31.03.2027) के लिए वैमानिक टैरिफ के निर्धारण संबंधी दिनांक 06.06.2024 के परामर्श पत्र (सीपी) संख्या 01/2024-25 की ओर सभी संबंधितों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

2. इस संबंध में गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) ने परामर्श पत्र के अंतर्गत की गई अपेक्षा के अनुसार दिनांक 13.06.2024 के अपने पत्र संख्या जीआईएएल/सीओ/ऐरा-एमवाईटीपी/2024/01 द्वारा प्रस्तावित एटीपी/टैरिफ कार्ड ऐरा को प्रस्तुत कर दिया है। इसकी प्रति संलग्न है। **सभी हितधारकों को सूचित किया जाता है कि एटीपी/टैरिफ कार्ड प्रस्ताव हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा प्रस्तुत किए अनुसार है। परंतु, प्राधिकरण अपने स्तर पर यथोचित परिश्रम करके और व्यापक परामर्श प्रक्रिया अपनाने के बाद टैरिफ दरों को युक्तिसंगत बनाता है और सभी हितधारकों की टिप्पणियों/विचारों को ध्यान में रखकर टैरिफ दर कार्ड को अंतिम रूप देता है। प्राधिकरण द्वारा जारी अंतिम टैरिफ दर कार्ड संभवत: हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा प्रस्तुत कार्ड से भिन्न हो सकता है।**

3. एटीपी/ टैरिफ कार्ड ऐरा की आधिकारिक वेबसाइट पर "Public Notice (सार्वजनिक सूचना)" के अंतर्गत परामर्श पत्र संख्या 01/2024-25 के साथ देखा जा सकता है।

4. उपुर्यक्त जानकारी सभी हितधारकों के लिए है।

(राजन गुप्ता)
उपमहाप्रबंधक (वित्त)